## एक नजर में

### फार्मर आईडी पर खाद वितरण पर विचार करें

**सुठालिया 14 अप्रैल, सं.** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति जिला अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर फार्मर आईडी से खाद्य वितरण व्यवस्था पर पुनर्विचार करने एवं वैकल्पिक व्यवस्था बनाए रखने का अनुरोध किया गया है. पत्र में कहा है कि फार्मर आईडी से खाद्य वितरण व्यवस्था पारदर्शी एवं एक अच्छा कदम है. परंतु शासन के आदेश और धरातल की स्थिति में बहुत अंतर है. अभी 100 प्रतिशत किसानों ने अपनी जमीन को फार्मर आईडी से नहीं जोड़ा है. ऐसी स्थिति में केवल फार्मर आईडी अनिवार्य होने से वास्तविक किसान खाद से वंचित रह जाएंगे जिसका सीधा प्रभाव आगामी फसल की बुबाई और उत्पादन पर पड़ेगा. जब तक शत् प्रतिशत किसानों का पंजीकरण फार्मर आईडी पर पूर्ण नहीं हो जाता तब तक खाद वितरण के लिए पूर्व की भांति आधार कार्ड या भू अधिकार ऋण पुस्तिका को भी मान्य किया जाए. पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर किसानों की भूमि को फार्मर आईडी से जोड़ने की प्रक्रिया में गति लाई जाए. पत्र में किसानों के व्यापक हितों पर सहानुभूति पूर्वक पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है.

### डॉ. अंबेडकर जयंती पर प्रश्नोत्तरी

**राजगढ़ 14 अप्रैल, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़ में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136 वीं जयंती के अवसर पर बाबा साहब के जीवन एवं विचारों पर आधारित एक वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक संदेश देना था. प्राचार्य डॉ. वी. बी. खरे द्वारा संबोधन किया गया. अंबेडकर जी के जीवन पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया.

### अम्बेडकर जयंती पर बाबा साहेब को किया नमन

**नरसिंहगढ़ 14 अप्रैल, सं.** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को नगर में श्रद्धा और सम्मान का वातावरण देखने को मिला. नेहरू पार्क स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया. इस अवसर पर भाजपा, कांग्रेस, बसपा, आम आदमी पार्टी सहित अन्य दलों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में पहुंचे. सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को याद किया और सामाजिक समरसता व समानता का संदेश दिया.

### करनवास में अम्बेडकर जयंती मनाई

**करनवास 14 अप्रैल, सं.** बाबा साहब भीमराव अंबेडकरजी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर थाना प्रभारी संगीता शर्मा, थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह, खुजनेर मंडल महामंत्री महेंद्र यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमराज यादव, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अजेश यादव, दिनेश यादव, राजेंद्र यादव, गोकुल वर्मा, रमेश जाटव, पूर्व सरपंच मांगीलाल वर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे. महेंद्र यादव ने बाबा साहब के चरित्र पर प्रकाश डाला.

# देश में समरसता के संस्थापक थे बाबा साहेब

## डॉ. अंबेडकर के विचारों से समाज में समानता की स्थापना संभव

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 14 अप्रैल, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर, जिनका जन्म मध्य प्रदेश की धरती पर हुआ, ने पूरे विश्व को प्रभावित किया. उनके जीवन दर्शन के अनुसार वंचित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने और छुआछूत जैसी बुरी प्रथाओं को खत्म करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए. उनका जीवन समाज में समानता और न्याय स्थापित करने की प्रेरणा देता है.**

कार्यक्रम की शुरुआत में सुश्री शिल्पा नगर द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया. स्वागत नृत्य की बेला में बालिकाओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा. इस अवसर पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से एक लघु प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान का चित्रण किया गया. यह प्रस्तुति अत्यंत प्रेरणादायक रही और देश के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाया गया.

इस दौरान महामंत्री देवी सिंह सोंधिया ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को स्मरण करते हुए हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए. वहीं भाजपा की वरिष्ठ महिला संगठक श्रीमती मोना सुस्तानी सहित भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर व पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा ने भी संबोधित किया. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बताया कि नीति आयोग के अंतर्गत चलाए गए विभिन्न अभियानों में जिले ने निर्धारित इंडिकेटर्स पर अपने लक्ष्य प्राप्त किए हैं. इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर श्री प्रताप सिंह चौहान, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग सुश्री निशा जैन सहित संबंधित जनप्रतिनिधिगण अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे.

### बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई

**जीरापुर 14 अप्रैल, सं.** राष्ट्रीय मेघवाल परिषद द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई. मेघवाल समाज द्वारा इस अवसर पर आतिशबाजी कर बाबा साहब को माल्यार्पण किया गया. तथा मेघवाल समाज के वरिष्ठजनों द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जन्म जयंती की



बधाइयां दी. राष्ट्रीय मेघवाल परिषद अध्यक्ष मोहन सिंह जादम द्वारा शिक्षा पर जोर दिया और और उन्होंने कहा कि शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो निरंतर कर्म यही हमारा धर्म है. बाबा साहब द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया. इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अनार सिंह वर्मा, लखन वर्मा पटवारी, जिला मीडिया प्रभारी कंवर लाल वर्मा, नगर अध्यक्ष मोहन वर्मा पलटू, नगर उपाध्यक्ष मुरली वर्मा, गंगाराम वर्मा बाबू, रामचरण वर्मा, प्रभुलाल वर्मा मेडिकल, जगदीश वर्मा, भगवान सिंह वर्मा रूपाहेड़ा मेघवाल समाज के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### कांग्रेसजनों ने डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी

**छापीहेड़ा 14 अप्रैल, सं.** कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई. बस स्टैंड स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. वक्ताओं ने उनके कार्यों, और योगदान को याद किया. इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नृपेंद्र सिंह खींची, कांग्रेस नेता शाहिद खान मंसूरी, अमर सिंह पाटीदार, अक्षय जैन, राजेश कुमार टांक, गिरिराज पाटीदार, इकबाल खान शेर बना कन्हैया लाल वर्मा इकबाल मंसूरी के अलावा कई कांग्रेसी कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे.

### बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई

**जीरापुर 14 अप्रैल, सं.** स्थानीय नगर परिषद सभागार में विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करके जयंती मनाई गई. जहां पर विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब की ऐसे महान पुरुष है जिनकी जयंती मनाकर सभी धन्य होते हैं. आभार नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने प्रकट किया. इस मौके पर भाजपा जनप्रतिनिधि सहित डा. रामचरण किरार, महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा, पूर्व बीईओ गोवर्धन सिंह वर्मा, जगदीश वर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विष्णु सिंह पवांर, कमल झावा, गिरीराज जुलानिया, गुलाबचंद सोनी, दीपक नगर परिषद सीएमओ हरीओम शर्मा, संचालन नपा कर्मचारी कमल भावसार ने किया. इस मौके पर नगर परिषद कर्मचारी, आम नागरिक उपस्थित रहे.

### राजगढ़ में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 14 अप्रैल, का.** मंगलवार को जिला मुख्यालय पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई.



प्रात: अंबेडकर मांगलिक भवन में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. इसके बाद दोपहर में राज फ्रेंड्स क्लब चौराहा, पुराना बस स्टैंड से विशाल चल समारोह निकाला गया, जिसमें आकर्षक झांकियां और डीजे शामिल रहे. चल समारोह मुख्य बाजार होते हुए ब्यावरा नाका स्थित अंबेडकर मांगलिक भवन पहुंचा, जहां संविधान की उद्देशिका का वाचन एवं मिठाई वितरण किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अनुयायी शामिल हुए और बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई. चल समारोह के दौरान शहर में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया. जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों का अभिनंदन किया गया, जिससे पूरे मार्ग में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा.

## बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 14 अप्रैल, का. संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती नगर सहित जिले भर में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई. चल समारोह के साथ विभिन्न आयोजन किए गये.** जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर रैली, चल समारोह निकाले गये. बाबा साहेब की प्रतिमा, चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन् करते हुए बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया.

**नगर में निकाला चल समारोह-** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर नगर के प्रमुख मार्गो से चल समारोह निकाला गया.


ढोल-ढमाके, डीजे, आतिशबाजी के साथ भव्य चल समारोह, अहिरवार समाज धर्मशाला से प्रारम्भ होते हुए, पुराना बस स्टेण्ड पहुंचा जहां डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. बाबा साहेब के आदर्शो को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया. इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजू वर्मा, सुनिल वर्मा, देवेंद्र वर्मा, राधेश्याम पटवारी, कोमल वर्मा, सचिन वर्मा, बापूलाल वर्मा, महेश वर्मा सहित समाजजन उपस्थित रहे.

### बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**सारंगपुर 14 अप्रैल, सं.** भाजपा द्वारा संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर की जयंती पर अम्बेडकर पार्क स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. इस अवसर पर पूर्व विधायक कुंवरजी कोठार, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, भाजपा नेता पीएस मंडलोई, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सर्वावत, रेणु बंसकार, गोलू वाल्मीकि, पार्षद कुलदीप राठौर, राधेश्याम राठौर, राकेश पुष्पद, संतोष कुंभकार, सतीश गिरजे, अंकित अवस्थी, संतोष धनगर, मांगीलाल टेलर, अनील बागरी सहित मोहन लववंशी मंडल मिडिया प्रभारी व भाजपाजन उपस्थिति रहे.

### सभी बूथों पर मनाई अंबेडकर जयंती

**खिलचीपुर 14 अप्रैल, सं.** भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी सहित कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की जन्म जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, पार्षद संदीप शर्मा, उपाध्यक्ष प्रेम मालाकार, बलराम मेघवाल, बीरम वर्मा, कमलेश टेलर आदि मौजूद थे.



### मां-बाप की सेवा करने पर सभी तीर्थों का पुण्य प्राप्त होता है

**नवभारत न्यूज, पचोर 14 अप्रैल, सं.** श्री गोपाल मां के मंदिर पुरानी पचोर पर चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का वाचन करते हुए 1008 श्री कोकील पुष्प विक्रम जी महाराज वृंदावन धाम ने कहा कि जो व्यक्ति अपने वृद्ध मां-बाप की सेवा कर लेता है उसकी सभी तीर्थो स्नान का पुण्य प्राप्त सहज ही सेवा से प्राप्त हो जाता है. सत्संग के अभाव में मनुष्य माया मोह के कारण जीवन भर भटकता रहता हूँ. और जीवन के मुख्य उद्देश्य परमात्मा की भक्ति से वंचित हो जाता है. सत्संग मनुष्य को पूर्व जन्म पूण्य फल से प्राप्त होता है. वही श्री विक्रम जी महाराज ने कहा कि हम जैसा अन्न जल ग्रहण करते वैसा हमारा मन हो जाता है. कथा प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से 3:00 तक चल रही है इसी के साथ पंच कुंडीय पुरुषोत्तम पुष्टि महायज्ञ का आयोजन सुबह 7 से 12 तक एवं दोपहर 3:00 से 7:00 बजे तक चल रहा है दोनों आयोजनों में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी नागरिक माता बहने कथा श्रवण एवं महायज्ञ का पुण्य लाभ के साथ तन मन धन से धर्म प्रेमी नागरिक आयोजन में सहयोग कर रहे हैं. किसी के साथ मंदिर परिसर में विद्वान पंडितो द्वारा श्री इंद्रजीत जी पाराशर यज्ञ आचार्य के सानिध्य में चार वेद 18 पुराण छह शास्त्र सहित श्री मद भागवत गीता भागवत महापुराण श्री राम चरित्र मानस पाठ भी किया जा रहा है.

**अटूट प्रेम** — बिसोनिया गांव में पति वियोग में पत्नी ने प्राण त्यागे, सुहागन की तरह दी परिवार ने विदाई

# पति की मौत..सुनते ही कहा-मैं जीवित नहीं रहूंगी, 24 घंटे में चल बसी !

**बिसोनिया में दंपति की हुई हृदयविदारक मौत से शोक छाया**
**सेवानिवृत्त प्राचार्य राजेन्द्र सिंह राठौड़ के बाद दूसरे दिन पत्नी का भी निधन**

**नवभारत न्यूज**

**सुठालिया/ब्यावरा 14 अप्रैल, सं. समीपस्थ ग्राम बिसौनिया में एक दंपत्ति की 24 घंटे के अंदर हृदयविदारक मौत ने एक ओर जहां सभी को झकझोर दिया वहीं पति-पत्नी के अमिट प्रेम की अजीबोगरीब वाकये ने सभी को अचंभित कर दिया.**

उल्लेखनीय है कि सोमवार तड़के पांच बजे के लगभग सेवानिवृत्त प्राचार्य राजेन्द्र सिंह राठोड़ का हृदयघात से नि:धन हो गया था. इस दिन प्रात: चार बजे के लगभग उन्हें ब्यावरा अस्पताल लाया गया था. श्री राठोड़ के नि:धन की सूचना जब उनकी पत्नि श्रीमती गोपी कंवर को लगी तो उन्होंने उसी समय कह दिया था कि वे अब जीवित नहीं रह पायेंगी. यह कहते ही वे बेहोश हो गई थी.



### अंतत: परिवार, समाज ने सुहागन की तरह विदा किया..

ग्राम बिसोनिया सहित आसपास के क्षेत्र में श्री मती गौपी कंवर के पति वियोग में चले जाने की खबर ने सभी को गमगीन कर दिया. पति की मौत चाहे 24 घंटे पहले हुई लेकिन यह भी संयोग रहा कि पति के शव के समक्ष उनका सुहाग नहीं उतारा गया था. ऐसा इसलिये भी हुआ क्योंकि जैसे ही श्री राठोड़ की मौत की खबर उनकी पत्नि को लगी तो वे बेहोश हो गई थी. जब राजेन्द्र सिंह का शव गांव लाया गया तो उनकी पत्नि की हालत खराब देख उन्हें ब्यावरा अस्पताल में भर्ती कराया गया. इस प्रकार उन्होंने अपने पति का न तो शव देखा और न ही वे शवयात्रा के समय घर पर मौजूद रही. इस कारण उनका सुहाग उतारने की प्रक्रिया भी नहीं हो पाई. सोमवार रात परिवार वाले उन्हें लगभग अचैत अवस्था में ही गांव यह सोच कर ले आये थे कि श्री राठोड़ का अस्थि संचय कार्यक्रम, पूजा आदि की प्रक्रिया के दौरान वे स्वस्थ हो जाए. ऐसा नहीं हुआ और वे अस्थि संचय के कार्यक्रम के कुछ समय बाद ही चल बसी .यहीं कारण रहा कि परिवार व समाज के लोगो ने श्री मती गौपी कुंवर राठौड़ की विदाई एक सुहागन की तरह की गई. उनके पार्थिव शरीर को परिवारजनों ने सुहागन की तरह सजाया, गांव में एक देवी की तरह उनका जुलूस निकाला गया और सैकड़ों, हजारों की तादात में लोगो ने पहुंचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की.

दुर्भाग्य से उनकी बात जैसे सच साबित हुई. आज मंगलवार जब परिवारजन राजेन्द्र सिंह राठोड़ के अस्थि संचय कार्यक्रम से निवृत्त हुए ही थे कि कुछ समय के अंतराल उपरांत श्री मती राठोड़ ने प्राण त्याग दिये. पति के देवलोकगमन के 24 घंटे के भीतर पति वियोग में पत्नि के प्राण त्यागने की खबर ने सभी को दु:खी कर दिया.

### पति की मौत का सदमा नहीं झेल पाई पत्नी

एकाएक पति के निधन से श्रीमती राठौड़ की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें ब्यावरा स्थित अस्पताल में भर्ती किया गया. तबीयत में कुछ सुधार होने पर सोमवार की रात्रि को उन्हें बिसौनिया ले जाया गया किंतु मंगलवार को स्व राठौड़ के अस्थि संचय के बाद एकाएक उनकी तबीयत बिगड़ने पर तुरंत उन्हें ब्यावरा उपचार के लिए लाया जा रहा था कि रास्तें में ही उन्होंने दम तोड़ दिया.

### हंसमुख और व्यवहार कुशल थे राठौड़ दंपति

राठौड़ दंपत्ति बेहद हंसमुख स्वभाव और व्यवहारकुशलता के लिये जाने जाते थे. श्री राठौड़ का अपनो से छोटे और बड़ो के साथ अपनापन का व्यवहार रहता था. वे अपनी ईमानदारी, कर्त्तव्य परायणता के लिये जाने जाते थे. उन्होंने वर्षो तक गिंदोरहाट के सरकारी स्कूल में अपनी सेवाएं दी. उनका नवभारत परिवार के प्रति बेहद अनुराग था. वे नवभारत के जागरूक पाठक थे और हर अच्छी खबर पर अपनी प्रतिक्रिया देना नहीं भूलते थे. उनके जाने की सूचना से हर मन दु:खी हुआ है.

श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ के असामयिक निधन से परिजनों दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा. उनके दोनो पुत्र ओमेन्द्र पाल सिंह, नागेन्द्र पाल सिंह सहित सभी परिजन श्री राठौड़ संभल भी नहीं सके थे कि इसी बीच उनकी धर्मपत्नी ने प्राण त्याग दिए.

## स्वच्छता अभियान, गौरव दिवस के रूप में मनाई जयंती



### अंबेडकर जयंती पर जमात मंदिर घाट की हुई सफाई

**नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 14 अप्रैल, सं.** अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद नगर समिति बाराद्वारी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया. इस अभियान के तहत परशुराम सागर स्थित जमात मंदिर घाट पर विशेष साफ-सफाई की गई. कार्यक्रम के दौरान घाट क्षेत्र में फैली गंदगी को हटाया गया तथा वहां उग रहे खरपतवार की सफाई कर परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया गया. साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने नागरिकों से घाट पर गंदगी न फैलाने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की. इस अवसर पर नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष विनोद नामदेव, सचिव सुनील साहू, मंदिर जमात के महंत श्री दीपेन्द्र दास, वार्ड 14 के पार्षद कमल चौरसिया, गौशाला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव (बब्बू), हेमंत पुष्पद, भैयालाल, राम गुप्ता, प्रमोद साहू, जीएस पांडेय एवं भगवान सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.



### 136वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई

**तलेन 14 अप्रैल, सं.** भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रोहिल्ला के नेतृत्व में संविधान रचयिता निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती बस स्टैंड पर स्थित प्रतिमा पर विधिवत पूजा अर्चना कर पुष्प वर्षाऔर पुष्पमाला पहनकर विधिवत मनाई गई. हम उनके आदर्शों का अपना कर उनके बताएं मार्गों पर चलें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला जिला मंत्री प्रतिनिधि डॉक्टर कैलाश वैष्णव महामंत्री आजाद वंशकार राधेश्याम पाटीदार नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मण यादव चंद्र सिंह यादव पूर्व नगर भाजपा अध्यक्ष वर्तमान पार्षद कैलाश मोहन यादव शिवप्रसाद शर्मा पूर्व पार्षद अवध नारायण उपाध्याय युवा सकरी युवा सक्रिय कार्यकर्ता पवन यादव रिटायर्ड सैनिक प्रकोष्ठ के प्रमुख मानसिंह फौजी पूर्व मंडल महामंत्री घनश्याम जाटव मनोज यादव पार्षदों में राधेश्याम यादव महेश यादव पप्पू वर्मा गिरधारी जाटव आदि भाजपा के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे इससे पूर्व 13 तारीख की सायं को स्थित प्रतिमा के समक्ष कैंडल लगाए गए.



### 135वीं जयंती पर निकली भव्य गौरव यात्रा

**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 14 अप्रैल, सं.** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती को बहुजन समाज द्वारा गौरव दिवस के रूप में मनाया. इस दौरान अम्बेडकर पार्क स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य चल समारोह निकाला गया. जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया .इस अवसर पर सत्यानंद महाराज ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष और उनके महान कार्यों पर प्रकाश डाला. कथा के दौरान उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों ने श्रोताओं को भावुक कर दिया. संगीतमय भजनों और प्रवचनों के माध्यम से उन्होंने शिक्षा, समानता और भाईचारे का संदेश दिया. चल समारोह में कन्हैया लाल फुलेरिया अर्जुन प्रसाद मांडले, रतनलाल मालवीय, कैलाश मालवीय, खुशीलाल पुष्पद, नरसिंहलाल शर्मा, दिनेश अहिरवार, घनश्याम मालवीय, कमलेश असबरिया, सुरेश अहिरवार, महेश वर्मा, मुकेश राजपूत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. बाबा साहब की जयंती पर नगर के विभिन्न संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने अम्बेडकर पार्क पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने बाबा साहब के योगदान को स्मरण किया. पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अब्दीद हुसैन लोदी, कांग्रेस प्रतिनिधि प्रदीप सदानी ने बाबा साहब के योगदान को याद किया.



### लखनवास गांव लोदीपुरा में बाबा साहब की जयंती मनाई

**नवभारत न्यूज, लखनवास 14 अप्रैल, सं.** भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जयंती ग्राम लोधीपुरा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई. गदिया ब्लॉक मंडलम अध्यक्ष विजय सिंह लववंशी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई. इसके पश्चात उपस्थितजनों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय का जो मार्ग दिखाया, वह आज भी प्रासंगिक है. उनके द्वारा रचित संविधान ही देश की एकता और अखंडता की सबसे मजबूत नींव है. इस अवसर पर विजय सिंह लववंशी (अध्यक्ष, गदिया मंडलम कांग्रेस), राजेश लववंशी (सुन्दरपुरा), सरजन सिंह लोधा, मोरसिंह लववंशी, रवि वर्मा, दिलीप वर्मा, राहुल वर्मा, डॉक्टर रवि वर्मा (पातलापानी), रोहित आमडोर, जसवंत सावंसी, सिद्धांत, अलकेश, संदीप, मोहित, सुमेर वर्मा, विष्णु कुंडीखेड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे.